प्रेस नोट थाना रोजा

जनपद शाहजहांपुर

सराहनीय कार्य दिनांक 15.02.25

“जनपदीय सर्विलांस सेल व थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गयी बडी कार्यवाही”

“जनपदीय सर्विलांस सेल व थाना रोजा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा एन्ड्राइड मोबाइल फोन चोरी करने शातिर चोरो के गैंग का किया खुलासा”

“चोरी के 40 अदद एन्ड्राइड मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 8,00,000/-रुपये) मय 03 अदद पिट्ठू बैग मय 02 अदद मोटरसाइकिल तथा 1805/- रु0 सहित दो अभियुक्त व एक अपचारी किशोर को गिरफ्तार किया गया”

श्रीमान पुलिस उप-महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, शाहजहांपुर के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री संजय कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर श्री प्रयांक जैन के कुशल पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान एवं अपराध मे संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी में थाना रोजा पुलिस टीम को बड़ी कामयाबी मिली है।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

उक्त अभियान के क्रम में दिनांक 14.02.2025 को मुखबिरखास की सूचना पर रात्रि 23.40 बजे मोहम्मदी रोड ओवरब्रिज हथौड़ा बुजुर्ग के पास से दो अभियुक्तगणों 1. संतोष नोनिया पुत्र गोपाल नोनिया उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम बाऊपुर, थाना तीनपहाड़, जिला साहेबगंज, राज्य झारखंड 2. विरंगी महतो पुत्र धर्मपाल उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम तीनपहाड़, थाना तीनपहाड़, जिला साहेबगंज, राज्य झारखंड तथा एक अपचारी किशोर को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से चोरी के 40 अदद एन्ड्राइड मोबाइल फोन मय 03 अदद पिट्ठू बैग मय 02 अदद मोटरसाइकिलें 1. रजि0 UP79L2823 डिस्कवर 2. रजि0 UP27AJ7899 टीवीएस तथा 1805/- रु0 बरामद हुए। अभियुक्तगण तथा अपचारी किशोर के विरूद्ध थाना रोजा पर मु0अ0सं0 93/2025 धारा 111/317(2)/317(4) बी.एन.एस. पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगण तथा अपचारी किशोर के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

1. संतोष नोनिया पुत्र गोपाल नोनिया उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी ग्राम बाऊपुर, थाना तीनपहाड़, जिला साहेबगंज, राज्य झारखण्ड
2. विरंगी महतो पुत्र धर्मपाल उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम तीनपहाड़, थाना तीनपहाड जिला साहेबगंज, राज्य झारखण्ड
3. अपचारी किशोर

गिरफ्तारी का दिनांक, स्थान एवं समयः-

- दिनांक 14.02.2025 को मोहम्मदी ओवरब्रिज हथौड़ा बुजुर्ग के पास से समय 23.40 बजे, थाना रोजा, जनपद शाहजहांपुर

पंजीकृत अभियोग/गिरफ्तारीः-

- मु0अ0सं0 93/25 धारा 111/317(2)/317(4) बी.एन.एस, थाना रोजा, जनपद शाहजहांपुर

आपराधिक इतिहास :-

- मु0अ0सं0 93/25 धारा 111/317(2)/317(4) बी.एन.एस, थाना रोजा, जनपद शाहजहांपुर

विवरण पूछताछः-

अभियुक्तगण तथा बाल अपचारी ने पूछताछ के दौरान संयुक्त रूप से बताया कि हम लोग शहाजहाँपुर, लखीमपुर, बहराइच, हरदोई आदि जिलों से मोबाइल चोरी करते हैं तथा झारखण्ड ले जाकर वहाँ पर बेच देते हैं, जिससे हमारे घर का खर्चा पानी चलता है। हमारा यही काम धन्धा है। आज भी हम लोग चोरी के मोबाईलों को लखीमपुर ले जाकर बेचने की फिराक में थे कि साहब आप लोगों ने आकर हमें पकड़ लिया और हमारे कब्जे से चोरी के मोबाईल व दो मोटर साईकिलें बरामद कर लीं। हम लोग शाहजहांपुर तथा आस पास के जिलों में कमरा लेकर किराये पर रहते हैं तथा चोरी के मोबाईल इकट्ठा होने पर एक आदमी उन्हें झारखण्ड पहुँचाने चला जाता है। अब हम पिछले करीब 15 दिन से शाहजहांपुर में चोरी छिपे रह रहे थे। बरामद मोटरसाइकिलों के सम्बन्ध में पूछा गया, तो कुछ भी सही से नहीं बता सके।

बरामदगीः-

1. 40 अदद एन्ड्राइड मोबाइल फोन (भिन्न-भिन्न कम्पनियों के)
2. 03 अदद पिट्ठू बैग
3. **दो अदद मोटर साइकिलें**
   - रजिस्ट्रेशन नं0 UP79L2823 डिस्कवर रंग काला इंजन न0 PAZRFA21793 व चैसिस नं0 MD2A57BZ9FRA86873
   - रजिस्ट्रेशन नं0 UP27AJ7899 टीवीएस रंग नीला इंजन न0 GF1GH1941679 व चेसिस नं0 MD825GF11H1G41467
4. 1805/- रु0 नगद

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजीव कुमार, थाना रोजा, जनपद शाहजहांपुर
2. उ0नि0 श्री राजेश कुमार, थाना रोजा, जनपद शाहजहांपुर
3. रि0उ0नि0 शुभम भारती, थाना रोजा, जनपद शाहजहांपुर
4. रि0उ0नि0 सागर, थाना रोजा, जनपद शाहजहांपुर
5. कां0 2123 राजेश कुमार, थाना रोजा, जनपद शाहजहांपुर
6. कां0 1782 सचिन तोमर, थाना रोजा, जनपद शाहजहांपुर
7. कां0 2204 अंकित कुमार, थाना रोजा, जनपद शाहजहांपुर

सर्विलांस सेलः-

1. का0 प्रभात चौधरी
2. का0 मुकुल खोखर
3. का0 सचिन यादव